# MP BOARD CLASS 11 PAPER 2016
# व्यावसायिक अर्थशास्त्र : कक्षा XI

**1. सत्य/असत्य बताइए—** **5 × 1 = 5**

(अ) प्लेटो श्रम विभाजन को मान्यता देता था।

(ब) चाणक्य ने 'कौटिल्य अर्थशास्त्र' की रचना की है।

(स) 'अर्थशास्त्र के सिद्धान्त' नामक पुस्तक पीगू ने लिखी थी।

(द) उपयोगिता देश, काल तथा पात्र के अनुसार बदलती रहती है।

(इ) मानवीय आवश्यकताओं को सन्तुष्ट करने की क्षमता ही उपयोगिता है।

**उत्तर**—(अ) सत्य, (ब) सत्य, (स) असत्य, (द) सत्य, (इ) सत्य।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** **5 × 1 = 5**

(अ) योजना आयोग की स्थापना सन् .................... में की गई थी।

(ब) .................... का विकास प्रथम पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य था।

(स) अर्थव्यवस्था में खुलापन लाने की प्रक्रिया को .................... कहते हैं।

(द) ब्रिटिश शासन के पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था काफी .................... दशा में थी।

(इ) कृषि पशुपालन तथा वानिकी .................. क्षेत्र में शामिल हैं।

**उत्तर**—(अ) 1950, (ब) कृषि, (स) उदारीकरण, (द) आत्मनिर्भर, (इ) प्राथमिक।

**3. सही जोड़ियाँ बनाइए—** **5 × 1 = 5**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (अ) निराशावादी सिद्धान्त | (i) रूप उपयोगिता |
| (ब) सर्वाधिक प्रति व्यक्ति आय | (ii) उत्पादन |
| (स) मिट्टी के बर्तन बनाना | (iii) श्रम |
| (द) उपयोगिता में वृद्धि | (iv) 63% |
| (इ) उतपादन का अनिवार्य साधन | (v) माल्थस का जनसंख्या सिद्धान्त |
| | (vi) भूमि |
| | (vii) अनुकूलतम जनसंख्या |

**उत्तर**—(अ) → (v), (ब) → (iv), (स) → (i), (द) → (ii), (इ) → (vi)।

**4. सही विकल्प चुनिए—** **5 × 1 = 5**

**(अ) माँग का नियम सम्बन्ध स्थापित करता है—**

(i) माँग व आय में (ii) माँग व मूल्य में

(iii) माँग व समय में (iv) माँग व स्थान में।

**(ब) माँग के नियम का अपवाद नहीं है—**

(i) जीवन रक्षक वस्तुएँ (ii) प्रतिष्ठा रक्षक वस्तुएँ

(iii) बहुमूल्य रत्न (iv) काजू-बादाम।

**(स) गिफिन वस्तु की माँग का—**

(i) आय से ऋणात्मक सम्बन्ध (ii) आय से धनात्मक सम्बन्ध

(iii) कीमत से ऋणात्मक सम्बन्ध (iv) कीमत से कोई सम्बन्ध नहीं होता।

(द) एक अतिरिक्त इकाई के उत्पादन से कुल लागत में होने वाली वृद्धि कहलाती है–

(i) स्थिर लागत (ii) परिवर्तनशील लागत

(iii) सीमान्त लागत (iv) औसत लागत।

(इ) जब सीमान्त लागत घटती है तो कुल लागत–

(i) घटती है (ii) बढ़ती है

(iii) घटती हुई दर से बढ़ती है (iv) समान रहती है।

उत्तर–(अ) (ii), (ब) (iv), (स) (ii), (द) (iii), (इ) (iii)।

5. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए– $5 \times 1 = 5$

(अ) माँग व पूर्ति की शक्तियाँ एक-दूसरे को जिस बिन्दु पर काटती हैं, उसे क्या कहते हैं ?

(ब) पूर्ण प्रतियोगिता वाले बाजार में वस्तु के गुण, रूप और मात्रा की क्या विशेषता होती है ?

(स) वर्ग संघर्ष किस आर्थिक प्रणाली का लक्षण है ?

(द) वैज्ञानिक समाजवाद के प्रणेता कौन थे ?

(इ) असामान्य लाभ या हानि की सम्भावना किस प्रतियोगिता में होती है ?

उत्तर–(अ) साम्य बिन्दु, (ब) समरूप, (स) पूँजीवादी, (द) कार्ल मार्क्स, (इ) पूर्ण प्रतियोगिता।

6. माँग की एक परिभाषा दीजिए। 2

*अथवा*

माँग के कोई दो निर्धारक तत्त्व लिखिए।

7. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

*अथवा*

आर्थिक समस्या उत्पन्न होने के कोई दो कारण लिखिए।

8. प्राथमिक क्षेत्र के दो उदाहरण लिखिए। 2

*अथवा*

तृतीयक क्षेत्र के दो उदाहरण लिखिए।

9. आर्थिक नियोजन की एक परिभाषा दीजिए। 2

*अथवा*

भारतीय आर्थिक नियोजन की असफलता के कोई दो कारण लिखिए।

10. MRTP का पूरा नाम लिखिए। 2

*अथवा*

उदारीकरण के कोई दो लाभ लिखिए।

11. लागत वक्र U आकृति के क्यों होते हैं ? 1 + 3

*अथवा*

आगम के प्रकार लिखिए। किसी एक को समझाइए।

12. स्थिर व परिवर्तनशील लागत में कोई चार अन्तर कीजिए। 4

*अथवा*

http://www.a2zsubjects.com

फर्म के सन्तुलन-विश्लेषण की मान्यताएँ स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

13. उत्पादन सम्भावना वक्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 4

*अथवा*

अवसर लागत की कोई दो सीमाएँ लिखिए।

14. 'आर्थिक विकास' की एक परिभाषा दीजिए एवं आर्थिक विकास तथा आर्थिक संवृद्धि में कोई चार अन्तर दीजिए। 2 + 2

*अथवा*

आर्थिक विकास को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार आर्थिक घटकों को समझाइए।

15. आर्थिक विकास के कोई दो मापों को समझाइए। 4

*अथवा*

भौतिक जीवन-गुणवत्ता सूचकांक को समझाइए।

16. परिवहन का आर्थिक विकास में महत्व समझाइए। (कोई चार) 4

*अथवा*

स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय भारतीय जनसंख्या का व्यावसायिक वितरण समझाइए।

17. भारतीय प्रथम पंचवर्षीय योजना के कोई चार उद्देश्य समझाइए। 4

*अथवा*

आर्थिक नियोजन के कोई दो लाभ लिखिए।

18. प्राचीन भारतीय आर्थिक विचार और प्राचीन पाश्चात्य आर्थिक विचारों में कोई पाँच अन्तर स्पष्ट कीजिए। 5

*अथवा*

आर्थिक एवं गैर-आर्थिक क्रियाओं में कोई पाँच अन्तर दीजिए।

19. माँग की कीमत लोच की किन्हीं दो श्रेणियों को समझाइए। 5

*अथवा*

माँग की लोच को प्रभावित करने वाले कोई पाँच तत्वों को समझाइए।

20. क्रमागत उत्पत्ति ह्रास नियम को उपयुक्त उदाहरण तथा रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

*अथवा* 2 + 3

पूँजी संचय को परिभाषित कीजिए एवं पूँजी संचय को प्रभावित करने वाले कोई तीन तत्त्व की विवेचना कीजिए।

21. पूर्ण प्रतियोगिता की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए। 1 + 2 + 2

*अथवा*

'साम्य मूल्य' क्या है ? इसका निर्धारण कैसे होता है ? इसे उदाहरण व रेखाचित्र से समझाइए।

22. निजीकरण के पक्ष एवं विपक्ष में कोई दो तर्क दीजिए। 2½ + 2½

*अथवा*

नई आर्थिक नीति की आवश्यकता के कोई पाँच कारण दीजिए।

23. उपभोक्ता की बचत को परिभाषित कीजिए। इसे रेखाचित्र एवं तालिका की सहायता से समझाइए। 1 + 2 + 3

*अथवा*

उपयोगिता के प्रकार बताइये तथा किसी एक को समझाइए। 2 + 4

24. माल्थस का जनसंख्या सिद्धान्त एवं अनुकूलतम जनसंख्या सिद्धान्त में कोई छः अन्तर लिखिए। 6

*अथवा*

भारत में जनसंख्या वृद्धि के कोई छः कारण समझाइए।